955

द्वारा ई–मेल / द्वारा फैक्स / अतिमहत्वपूर्ण / समयवद्ध

# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद–।

संख्याःपॉच–111(वरिष्ठता)–2013 दिनॉकःअप्रैल 10 ,2015

सेवा में,

1–वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ / आजमगढ़ / बरेली / कानपुरनगर / लखनऊ / मुजफ्फरनगर।

2–पुलिस अधीक्षक,अमरोहा / भदोही / सम्भल / ललितपुर।

3–सेनानायक, 15वीं वाहिनी पीएसी, आगरा / 32वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ।

––––

**विषयः** उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर अनुपयुक्तों को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति हेतु पात्र मुख्य आरक्षियों की चरित्र पंकि एवं बोर्ड प्रपत्र में परिलक्षित त्रुटियों के निवारण के पश्चात् चरित्र पंजिकाएँ एवं संशोधित बोर्ड प्रपत्र–2 उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को उपलब्ध कराया जाना।

–––

कृपया उपरोक्त विषयक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के पत्र संख्या–पीआरपीबी–चार–4(15)–2014(।।) दिनांक 10–4–2015 की संलग्न छाया प्रति का अवलोकन करें।

2– उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के पत्र से स्पष्ट हो रहा है कि आपके जनपद / इकाई में नियुक्त कर्मियों से संबंधित चरित्र पंजियॉ एवं बोर्ड प्रपत्र के भौतिक सत्यापन के पश्चात् परिलक्षित त्रुटियों के निवारण एवं तद्नुरूप संशोधित बोर्ड प्रपत्र–2 भर्ती बोर्ड को निम्नलिखित विवरण के अनुसार अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है।

| क0सं0 | परिक्षेत्र / सेक्टर | जनपद / इकाई का नाम | ऐसी चरित्र पंजिकाओं की संख्या जिसमें त्रुटियॉ पायी गयी | जनपद / इकाई से त्रुटि निवारण के पश्चात् अप्राप्त चरित्र पंजिकाओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | झॉसी | ललितपुर | 1 | 1 |
| 2 | बरेली | बरेली | 8 | 8 |
| 3 | कानपुर | कानपुर नगर | 6 | 1 |
| 4 | मुरादाबाद | अमरोहा | 9 | 9 |
| 5 | मुरादाबाद | सम्भल | 11 | 11 |
| 6 | मिर्जापुर | भदोही | 3 | 3 |
| 7 | सहारनपुर | मुजफ्फरनगर | 5 | 1 |
| 8 | आजमगढ़ | आजमगढ़ | 5 | 5 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | आगरा पीएसी | 15वीं वाहिनी पीएसी आगरा | 2 | 2 |
| 10 | अलीगढ़ | अलीगढ़ | 15 | 15 |
| 11 | लखनऊ | लखनऊ | 15 | 15 |
| 12 | लखनऊ पीएसी | 32वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ | 2 | 1 |
| | | योग | 82 | 72 |

3— अवगत कराना है कि आपके जनपद/इकाई द्वारा प्रश्नगत कर्मियों की चरित्र पंजियॉ एवं संशोधित बोर्ड प्रपत्र—2 अभी तक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को उपलब्ध न कराये जाने के कारण वॉछित सूचना/अभिलेख के अभाव में विभागीय चयन समिति की बैठक में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है जिसके कारण उच्चाधिकारियों द्वारा घोर असंतोष व्यक्त किया जा रहा है।

4— अतः अनुरोध है कि अपने—अपने जनपद/इकाई से संबंधित कर्मियों की चरित्र पंजियॉ एवं संशोधित बोर्ड प्रपत्र—2 दिनांक 13—4—2015 तक प्रत्येक दशा में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को सीधे उपलब्ध कराते हुए पुलिस मुख्यालय एवं सभी संबंधित को अवगत कराने का कष्ट करें। प्रकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता एवं अत्यन्त गंभीरता प्रदान की जाय।

10/4

(भगवान स्वरूप)
पुलिस उपमहानिरीक्षक,स्थापना
उत्तर प्रदेश।

**संख्या तथा दिनॉक वही।**

**प्रतिलिपि**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया वे भी अपने स्तर से सर्वसम्बन्धित को अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने हेतु समुचित निर्देश निर्गत करने की कृपा करें।

1— अपर पुलिस महानिदेशक, कार्मिक उ0 प्र0 लखनऊ।
2— पुलिस महानिरीक्षक,स्थापना उ0प्र0 लखनऊ ।
3— पुलिस महानिरीक्षक जोन्स आगरा/ वाराणसी /बरेली /कानपुर /लखनऊ /मेरठ।
4— पुलिस महानिरीक्षक,पीएसी मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।
5— पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिक्षेत्र अलीगढ़/मुरादाबाद/आजमगढ़/बरेली /मिर्जापुर/कानपुर/लखनऊ/सहारनपुर/झॉसी।
6— पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी सेक्टर कानपुर/लखनऊ।